**ऊर्जा दक्षता ब्यूरो**
**(विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार)**
**श्रम शक्ति भवन, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001**

## ऊर्जा दक्षता ब्यूरो में महानिदेशक की नियुक्ति

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) भारत सरकार, विद्युत मंत्रालय के अधीन ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, **2001** के प्रावधानों के अंतर्गत देश में ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने के लिए स्थापित सांविधिक निकाय है। महानिदेशक इसका मुख्य कार्यकारी प्राधिकारी होता है और ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के लक्ष्यों के सफल कार्यान्वयन के लिए उत्तरदायी होता है। महानिदेशक, बीईई के पद के लिए पांच वर्ष की अवधि के लिए अथवा **60** वर्ष की आयु होने तक, जो भी पहले हो, प्रतिनियुक्ति/अल्पावधि संविदा पर भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। यह पद **67,000** रूपए-( **3%** की दर से वार्षिक वेतनवृद्धि)/- **79,000** रूपए के एचएजी वेतनमान में है तथा भारत सरकार के नियमानुसार सामान्य भत्ते देय होंगे।

**क. अनिवार्य योग्यताएं एवं अनुभव**

(क) उम्मीदवार इंजीनियरी में ग्रेजुएट अथवा भौतिकी अथवा रसायन विज्ञान अथवा भूगर्भविज्ञान अथवा भूगर्भभौतिकी अथवा ऊर्जा अध्ययन अथवा ऊर्जा प्रबंधन अथवा ऊर्जा अर्थशास्त्र में पोस्ट-ग्रेजुएट होना चाहिए; और

(ख) उसे केंद्र सरकार अथवा राज्य सरकार में समूह 'क' में **25** वर्ष का अनुभव और मूल सेवा संवर्ग में **37,400-67,000** रूपए (ग्रेड वेतन- **10,000** रूपए) के वेतनमान में कम से कम **3** वर्ष का अनुभव होना चाहिए; अथवा

किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम अथवा किसी स्वायत्तशासी निकाय अथवा किसी सांविधिक निकाय अथवा निजी फर्म में योग्यता पश्चात कम से कम **25** वर्ष का अनुभव जिसमें से **5** वर्ष किसी प्रतिष्ठित संगठन में वरिष्ठ स्तर पर हों; और

(ग) उम्मीदवार को ऊर्जा उत्पादन और आपूर्ति तथा ऊर्जा प्रबंधन, मानकीकरण और ऊर्जा के कुशल उपयोग तथा इसके संरक्षण से संबंधित मामलों में कार्य करने का पर्याप्त ज्ञान और अनुभव होना चाहिए।

ख.	वांछनीय योग्यता एवं अनुभव

इंजीनियरी में पोस्ट-ग्रेजुएट अथवा भौतिकी अथवा रसायन विज्ञान अथवा भूगर्भविज्ञान अथवा भूगर्भभौतिकी अथवा ऊर्जा अध्ययन अथवा ऊर्जा प्रबंधन अथवा ऊर्जा अर्थशास्त्र में डॉक्ट्रेट और ऊर्जा प्रबंधन के क्षेत्र में नीति तैयार करने अथवा इसकी योजना बनाने का अनुभव रखने वाले उम्मीदवार को वरीयता दी जाएगी।

ग.	जबकि केंद्र सरकार अथवा राज्य सरकार का कोई अधिकारी महानिदेशक के रूप में नियुक्त किया जाता है तो, उसकी नियुक्ति, सेवा निवृत्ति की आयु होने तक, प्रतिनियुक्ति पर की गई मानी जाएगी और सेवा निवृत्ति के पश्चात, उसकी आयु **60** वर्ष होने तक, उसकी नियुक्ति अल्पावधि संविदा पर की गई मानी जाएगी।

घ.	जबकि किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम अथवा स्वायत्तशासी अथवा सांविधिक संगठन के अधीन कार्यरत अथवा किसी निजी कंपनी अथवा सोसायटी अथवा संस्था से किसी व्यक्ति की महानिदेशक के रूप में नियुक्ति की जाती है तो, उसकी नियुक्ति अल्पावधि संविदा पर की गई मानी जाएगी।

ङ.	आवेदन विद्युत मंत्रालय तथा ऊर्जा दक्षता ब्यूरो की वेबसाइट पर उपलब्ध प्रोफार्मे पर, क्यूरिकुलम वाइटी सहित **4** प्रतियों में भेजें। प्रत्येक आवदेक द्वारा, आवेदन के साथ "अगले पांच वर्षों के दौरान भारत में ऊर्जा दक्षता और संरक्षण के लिए कार्य योजना" पर **500** शब्दों का लेख भेजा जाना अनिवार्य है। राज्य सरकार/केंद्र सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के आवेदन उनके संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारियों के माध्यम से अग्रेषित किए जाने चाहिए। उचित माध्यम से अग्रेषित नहीं किए गए आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

सभी आवेदन निर्धारित प्रपत्र पर नीचे लिखे पते पर भेजे जाएं :

**निदेशक (ऊर्जा संरक्षण)**

**द्वितीय तल, 'एफ' विंग, कमरा सं. 201, ऊर्जा संरक्षण डिवीजन,**

**विद्युत मंत्रालय, निर्माण भवन, नई दिल्ली-110011**

लिफाफे के ऊपर **"महानिदेशक, बीईई के लिए आवेदन"** लिखा जाए। आवेदन इस विज्ञापन के रोजगार समाचार में जारी होने की तिथि से **45** दिन के भीतर पहुंच जाने चाहिए।

**आवेदन का प्रोफार्मा विद्युत मंत्रालय की वेबसाइट: www.powermin.nic.in और ऊर्जा दक्षता ब्यूरो की वेबसाइट: www.bee-india.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है।**

महानिदेशक, ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के पद के लिए प्रतिनियुक्त आधार/अल्पकालीन संविदा आधार पर नियुक्ति हेतु आवेदन का प्रोफार्मा

---

(आवेदक कृपया सुनिश्चित करें कि केंद्र सरकार/राज्य सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम इत्यादि में पहले से कार्यरत आवेदकों के मामले में इस अनुबंध का भाग-II सक्षम प्राधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित किया जाए)

## भाग-I

1. व्यक्ति का नाम तथा संगठन
2. पदनाम
3. किस सेवा से संबंधित हैं
4. वेतनमान और मूल वेतन
5. वर्तमान वेतन एवं भत्ते और ये किस तिथि से आहरित किए जा रहे हैं
6. जन्मतिथि
7. आवेदक के मूल संवर्ग/ संबंधित कार्यालय के नियमानुसार सेवा निवृत्ति की तिथि
8. आयु वर्ष में (आवेदन करने की अंतिम तिथि को)
9. शैक्षिक एवं व्यावसायिक योग्यताएं
10. व्यावसायिक अनुभव के ब्यौरे (प्रत्येक पद के लिए भारित पद एवं सेवा की अवधि भी दर्शायी जाए)
11. क्या वर्तमान पद नियमित अथवा तदर्थ आधार पर है?
12. क्या अनुसंधान के क्षेत्र में कोई योगदान दिया है, यदि हां तो विवरण दें
13. आवेदक के प्रकाशन, यदि कोई हो
14. क्या अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/अन्य से संबंधित हैं
15. वर्तमान पूरा पता(कृपया कार्यालय का टेलीफोन/फैक्स नंबर अलग से दर्शाएं)

    (1.)कार्यालय

    (2.)निवास
16. अन्य ब्यौरे, यदि कोई हों

मैं एतदद्वारा समझता हूँ और वचन देता हूँ कि प्रयुक्त पद के लिए मेरे चयन की स्थिति में, मैं अपनी उम्मीदवारी वापस नहीं लूंगा और न ही प्रस्ताव अस्वीकार करूंगा।

हस्ताक्षर.................................................

तिथि……………………………………………………

# <u>भाग-II</u>

प्रमाणित किया जाता है कि :-

**(1)** अधिकारी द्वारा दी गई उपर्युक्त जानकारी सही है;

**(2)** उपर्युक्त अधिकारी के विरूद्ध कोई सतर्कता मामला/अनुशासनिक कार्यवाही लंबित अथवा विचाराधीन नहीं है;

**(3)** आवेदक पर पूर्व में कोई दण्ड नहीं लगाया गया है (यदि आवेदक पर कोई दण्ड लगाया गया हो तो कृपया ब्यौरे दें);

**(4)** आवेदक के विरूद्ध आज की तारीख में कोई दण्ड जारी नहीं है(यदि आवेदक पर आवेदन के समय कोई दण्ड लगाया गया हो तो कृपया ब्यौरे दें)

हस्ताक्षर.......................................................

नाम..............................................................

पदनाम.........................................................

कार्यालय.......................................................

<u>(आवेदनों के भाग-II नियंत्रक प्रशासनिक प्राधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित किए जाने अनिवार्य हैं)</u>